ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 19.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- जिला प्रशासन एवं नगर निगम,शाहजहॉपुर तत्वाधान में उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष, रिफार्म, परफार्म तथा ट्रांसफॉर्म का कार्यक्रम आज दिनांक 19.03.2021 को गॉधी भवन प्रेक्षागृह मे किया गया आयोजन।
- उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती के पुत्र अयांश कृष्ण सक्सेना ने आज दिनांक 19.03.2021 को अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर आम का आर्शीवाद वृक्ष के पौधे को लगाया गया।

1. जिला प्रशासन एवं नगर निगम,शाहजहॉपुर तत्वाधान में नगर निगम द्वारा उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष, रिफार्म, परफार्म तथा ट्रांसफॉर्म का कार्यक्रम आज दिनांक 19.03.2021 को गॉधी भवन प्रेक्षागृह मे आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कपिल देव अग्रवाल,मा0 मंत्री कौशल विकास,व्यावसयिक शिक्षा एवं प्रभारी मंत्री,शाहजहॉवपुर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उ0प्र0 प्रदेश सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने पर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उ0प्र0 सरकार के 04 वर्षो की उपलब्धियों एवं सभी सरकारी योजनाओ के बारे विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात् स्कूल के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें लीड कान्वेन्ट स्कूल के बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में आयुष विभाग की ओर से गौरी कश्यप द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई एवं योगा आर्टिस्टिक ग्रुप के बच्चों द्वारा अपनी कला का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। जिससे बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा बच्चो को पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जी द्वारा उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाये दी एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा जनहित के लिये चलाई जा रही सरकारी योजनाओ के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराकर लोगो को जागरूक किया गया। इसके साथ ही मा0 मंत्री जी द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा टीमवर्क के रूप में कार्य किया गया। गॉव–गॉव व घर–घर तक शौचालये बनाने का भी कार्य किया गया। मा मंत्री जी द्वारा अपील की गई कि मा0 प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही पीएम स्वनिधि योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने को आत्मनिर्भर बनाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा उ0प्र0 सरकार द्वारा जनहित की चलाई जा रही योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ उठाये जाने की अपील की गई। समारोह में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर उपाध्याय, विधायक श्री रोशन वर्मा,श्री चेतराम,श्री मानवेन्द्र सिंह, श्री वीर विक्रम सिंह एवं जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा व महानगर अध्यक्ष श्री अरूण कुमार गुप्ता द्वारा उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की नीतियो पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार व्यक्त किये गये। मा0 मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल द्वारा निराश्रित महिला पेंशन योजना,दिव्यांग पेंशन,पीएम स्वनिधि योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर गॉधी भवन प्रांगण में विभिन्न सरकारी योजना से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत कचरे के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गॉधी भवन परिसर में स्टॉल लगाकर होम कम्पोस्टिंग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर उपाध्याय, विधायकगण– श्री चेतराम, श्री रोशन लाल वर्मा, श्री मानवेन्द्र सिंह श्री वीर विक्रम सिंह, श्री शरदवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती प्रेरणा शर्मा, जिलाघ्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष श्री अरूण कुमार गुप्ता पूर्व जिला पंचायत श्री वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, निर्वतमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम, मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह बिसेन एवं नगर के सम्भ्रान्त लोग तथा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 इन्दू अजनवी द्वारा किया गया।

2. उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती के पुत्र अयांश कृष्ण सक्सेना ने आज दिनांक 19.03.2021 को अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर आम का आर्शीवाद वृक्ष के पौधे को लगाया गया। नगर निगम द्वारा चलाई जा रही उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत अधिकारियो एवं नगरवासियो द्वारा जैव विविधता पार्क में पौधे रोपित किये जा रहे है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 19.03.2021 को अयांश कृष्ण सक्सेना पुत्र श्री आलोक कुमार सक्सेना द्वारा अपने परिवार के साथ आम का आर्शीवाद वृक्ष रोपित किया गया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती एवं आलोक कुमार सक्सेना द्वारा नगर निगम द्वारा चलाई जा रही इस योजना को नगरवासियो के लिये एक अच्छी पहल बताया। इसके साथ ही सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती द्वारा सभी नगरवासियों से अपील कि गई की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें एवं अपने जन्मदिन, अपनी शादी की सालगिराह एवं अपनों की याद मे एक पौधा अवश्य लगायें जिससे नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सके।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।